रजिस्ट्री सं० डी—(डी)—73

REGISTERED NO. D—(D)—73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 10] नई दिल्ली, शनिवार, मार्च 7, 1981 (फाल्गुन 16, 1902)

No. 10] NEW DELHI, SATURDAY, MARCH 7, 1981 (PHALGUNA 16, 1902)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके ।

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खण्ड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . . .	245
भाग I—खण्ड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	273
भाग I—खण्ड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं .	3
भाग I—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई, अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं .	253
भाग II—खण्ड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम .	*
भाग II—खण्ड 2—विधेयक और विधेयक संबंधी प्रवर समितियों की रिपोर्ट . .	*
भाग II—खण्ड 3—उपखण्ड (i)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा जारी किए गए विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम (जिसमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं)	491
भाग II—खण्ड 3—उप खण्ड (ii)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए आदेश और अधिसूचनाएं	781
भाग II—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिसूचित विधिक नियम और आदेश	65
भाग III—खण्ड 1—महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल प्रशासन, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के अधीन तथा संलग्न कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं .	3079
भाग III—खण्ड 2—एकस्व कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिस	127
भाग III—खण्ड 3—मुख्य आयुक्तों द्वारा या उनके प्राधिकार से जारी की गई अधिसूचनाएं	19
भाग III—खण्ड 4—विविध निकायों द्वारा जारी की गई विधिक अधिसूचनाएं जिनमें अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	889
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी संस्थाओं के विज्ञापन तथा नोटिस	35

*पृष्ठ संख्या प्राप्त नहीं हुई

—481 GI/80

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	245
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	273
PART I—SECTION 3.—Notifications relating to non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministry of Defence	3
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Officers issued by the Ministry of Defence	253
PART II—SECTION 1.—Act, Ordinances and Regulations.	*
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3.—SUB-SEC. (i).—General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (ii).—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	*
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders notified by the Ministry of Defence ..	*
PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India	3079
PART III—SECTION 2.—Notification and Notices issued by the Patent Office, Calcutta ..	127
PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	19
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	889
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies ..	35

*Folio Nos. not received

भाग I—खण्ड 1

PART I—SECTION 1

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions Issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 21 फरवरी 1981

सं० 10-प्रेज/81—राष्ट्रपति कर्नाटक पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री एच० एम० सुनील कुमार, (स्वर्गीय)
पुलिस उप-निरीक्षक,
मुनीरेड्डी पालया थाना,
बंगलौर शहर,
कर्नाटक।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

8 अप्रैल, 1980 की रात्रि को श्री एच० एम० सुनील कुमार जब एक पुलिस वाहन में मुनीरेड्डी पालया थाने को ओर जा रहे थे तो कुछ पोर्टरों तथा अन्य लोगों ने पुलिस वाहन को छावनी रेलवे स्टेशन के सामने रोका और एक अजनबी, जिसने दो रेलवे पोर्टरों को छुरा मार दिया था और दूसरे व्यक्तियों को धमकी दे रहा है, को पकड़ने के लिए सहायता मांगी। श्री सुनील कुमार और पुलिस वाहन में उनके साथ जा रहे पुलिस कांस्टेबल घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने अजनबी को पकड़ लिया, जो चाकू दिखा रहा था। किन्तु इससे पहले कि श्री सुनील कुमार आक्रमणकारी को निहत्था करें उसने उनके पेट में नीचे की ओर चाकू घोंप दिया। पुलिस कांस्टेबलों तथा अन्य लोगों ने अपराधी पर पत्थर फेंके और उसे काबू में कर लिया। श्री सुनील कुमार अपने पेट को पकड़े हुए वाहन तक गए और उन्हें अस्पताल ले जाने के लिए कहा। परन्तु चाकू के गहरे घाव के कारण उनकी तुरन्त मृत्यु हो गई।

इस कार्रवाई में श्री एच० एम० सुनील कुमार ने उत्कृष्ट वीरता और उच्च कोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

2. यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 8 अप्रैल, 1980 से दिया जाएगा।

सं० 11-प्रेज/81—राष्ट्रपति कर्नाटक पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री एस० डी० पाटिल,
पुलिस उप निरीक्षक,
कोलार टाउन थाना,
कर्नाटक।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

8 जनवरी, 1979 को गवर्नमैंट कालेज, कोलार के छात्रों के एक दल ने अपनी मांगों के समर्थन में एक जुलूस निकाला। उन्होंने उप-आयुक्त को एक ज्ञापन दिया। वापस आते समय उन्होंने एक फल विक्रेता से केले लेकर खाए परन्तु उसे पैसे देने से इंकार कर दिया। इससे कहा सुनी हो गई जिससे कानून तथा व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो गई। शीघ्र ही घातक हथियारों, पत्थरों, छुरों आदि से लैस लोगों की एक भीड़ जमा हो गई और अम्मावरपेट क्षेत्र में सड़क के बीच बड़े बड़े पत्थर रखकर शरारत करने लगी। सूचना मिलने पर श्री एस० डी० पाटिल, पुलिस उप-निरीक्षक उपलब्ध पुलिस दल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और भीड़ को तितर बितर होने के लिए चेतावनी दी। लेकिन भीड़ ने इसकी परवाह नहीं की और एक पत्थर श्री पाटिल पर फेंका जो उनके माथे पर लगा लेकिन वे वहां से हिले नहीं और भीड़ के प्रकोप का सामना करते रहे। उन पर साइकिल चैन से प्रहार किया गया और उनके जख्म से खून बहने लगा। उन पर चाकू से भी आक्रमण किया गया परन्तु वे वार बचाने के लिए एक तरफ हो गए। उनके चेहरे पर बुरी तरह प्रहार किया गया। श्री पाटिल बेहोश हो गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। कुमुक पहुंचने के बाद भीड़ तितर बितर हुई।

इस कार्रवाई में श्री एस० डी० पाटिल ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

2. यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 8 जनवरी, 1979 से दिया जाएगा।

सं० 12-प्रेज/81—राष्ट्रपति महाराष्ट्र पुलिस के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री विनोद बिठ्ठल भट्ट,
पुलिस उप निरीक्षक,
ग्रेटर बम्बई,
महाराष्ट्र।

श्री बालकृष्ण जयवंत बांदेकर,
पुलिस कांस्टेबल बी० सं० 6480/ई०,
ग्रेटर बम्बई,
महाराष्ट्र।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

26 सितम्बर, 1979 को रात्रि को लगभग 2.25 बजे, पुलिस उप निरीक्षक विनोद बिठ्ठल भट्ट को सूचना मिली कि एक आतताई अपराधी जय उर्फ जयराज मोरे, जिसकी हमलों और डाकेजनी के कई मामलों में तलाश थी, ने कोहीनूर मिल की चालों में शरण ली हुई है। श्री भट्ट पांच पुलिस कर्मचारियों जिनमें श्री बालकृष्ण जयवंत बांदेकर भी शामिल थे, सहित तुरन्त उस स्थान पर गए परन्तु अपराधी का पता नहीं लगाया जा सका। किन्तु लौटते समय श्री भट्ट ने "बलीराम निवास" के सामने पटरी पर 5-6 आदमियों को बैठे देखा। पुलिस दल को देखते ही अपराधी दो अलग-अलग दिशाओं में भागे। पुलिस टुकड़ी को भी दो दलों में विभाजित किया गया। चार पुलिस कर्मचारियों ने एक गिरोह का पीछा किया जबकि श्री भट्ट और श्री बालकृष्ण जयवंत बांदेकर ने

उन अपराधियों का पीछा किया जो "बलीराम निवास" के प्रांगण म चले गए थे। श्री भट्ट ने स्वयं प्रांगण में उत्तर की ओर से प्रवेश किया और श्री बांदेकर को दक्षिण की ओर से प्रांगण में प्रवेश करने के लिए कहा। प्रांगण में प्रवेश करने के बाद श्री भट्ट ने पानी की टंकी पर तीन व्यक्तियों को देखा जो उन्हें देखकर टंकी से कूद पड़े और उन्होंने दक्षिण की ओर से बचकर निकलने का प्रयत्न किया जहां श्री बांदेकर ने अपराधियों में से दिगम्बर हरीशचन्द्र यादव नामक एक कुख्यात अपराधी को पकड़ लिया किन्तु यादव ने अपनी जेब से एक "रामपुरी" चाकू निकाला और उसे श्री बांदेकर की बगल में तीन बार घोंप दिया जिसके कारण उनके तीन घाव हो गए। परन्तु श्री बांदेकर ने तेजी से खून बहने और अत्याधिक पीड़ा की परवाह न करते हुए अपनी पकड़ नहीं छोड़ी। श्री भट्ट को अपनी ओर आते देख यादव ने कांस्टेबल की पकड़ से अपने को छुड़ा लिया और वह खुला चाकू लेकर श्री भट्ट की ओर दौड़ा। श्री भट्ट हमले से बचाव करने के लिए पीछे झुके परन्तु सफल नहीं हुए जिससे उनकी गर्दन की बांई ओर चोट लग गई। अपराधी ने श्री भट्ट पर दोबारा हमला किया किन्तु श्री भट्ट ने अपराधी के मुंह पर टार्च फैंकी, जो उनके पास थी, और उस पर झपट पड़े तथा उसका दाहिना हाथ पकड़ लिया। अपराधी को काबू में कर लिया गया और पुलिस स्टेशन ले जाया गया।

इस कार्रवाई में श्री विनोद विठ्ठल भट्ट और श्री बालकृष्ण जयवंत बांदेकर ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

2. ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 26 सितम्बर, 1979 से दिया जाएगा।

मु० नीलकण्ठन, राष्ट्रपति का उप सचिव

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय

कम्पनी कार्य विभाग

(कम्पनी विधि बोर्ड)

नई दिल्ली-110001, दिनांक 10 फरवरी 1981

आदेश

सं० 27(26)80 सी० एल० 2—कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 209क की उप-धारा (i) के खण्ड (ii) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार एतद् द्वारा उक्त धारा 209 के प्रयोजनों के लिए सरकार कम्पनी कार्य विभाग के निम्नलिखित अधिकारियों को प्राधिकृत करती है —

1. श्री वी० गोविन्दन, संयुक्त निदेशक, निरीक्षण

2. श्री राकेश चन्द्रा, सहायक निरीक्षण अधिकारी

3. श्री पी० एम० अनवर, उप-निदेशक, निरीक्षण

2. केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा श्री वी० गोविन्दन, निरीक्षण अधिकारी, मद्रास एवं श्री ओ० पी० चड्ढा निरीक्षण अधिकारी, बम्बई के पक्ष में पहले के प्रेषित क्रमशः दिनांक 11-7-73 के आदेश संख्या 53(2)73 सी० एल० 2 एवं दिनांक 10-6-77 के आदेश संख्या 27(8)77 सी० एल० 2, के प्राधिकरण को रद्द करती है।

केशव प्रसाद, अवर सचिव

विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 10 फरवरी 1981

सं० यू० 1/251/1/14/80—भारत सरकार के आमंत्रण पर और वन्य प्राणी एवं वनस्पति जगत की संकटापन्न जातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से सम्बद्ध अभिसमय (साइट्स) के पक्षकारों द्वारा उसके स्वीकार कर लिए जाने पर, सम्मेलन की तीसरी बैठक 25 फरवरी से 8 मार्च 1981 तक नई दिल्ली में होगी।

और जबकि, वन्य प्राणि एवं वनस्पति जगत की संकटापन्न जातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से सम्बद्ध अभिसमय (साइट्स) के पक्षकारों के सम्मेलन की तीसरी बैठक की व्यवस्था के बारे में भारत सरकार और साइट्स सचिवालय के बीच 15-1-1981 को एक समझौता-ज्ञापन सम्पन्न हुआ;

अतः अब संयुक्त राष्ट्र (विशेषाधिकार व उन्मुक्तियां) अधिनियम, 1947 (1947 का 46) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार इसके द्वारा घोषित करती है कि उक्त अधिनियम की अनुसूची में उल्लिखित प्रावधान संलग्न समझौता ज्ञापन को प्रभावी करने के लिए यथावश्यक परिवर्तनों सहित वन्य प्राणी एवं वनस्पति जगत की संकटापन्न जातियों के अभिसमय के पक्षकारों और इसके प्रतिनिधियों तथा अधिकारियों के सम्मेलन की तीसरी बैठक के संबंध में लागू होंगे।

समझौता-ज्ञापन

3 मार्च, 1973 को वाशिंगटन, डी० सी० में स्वीकृत और 1 जुलाई, 1975 से प्रवृत्त वन्य प्राणी एवं वनस्पति जगत की संकटापन्न जातियों के अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार से सम्बद्ध अभिसमय के अनुच्छेद—ग्यारह के अनुपालन में साइट्स पक्षकारों के सम्मेलन की नियमित बैठक के तौर पर, यह बैठक आयोजित की जा रही है। नई दिल्ली में 25 फरवरी, से 8 मार्च 1981 तक वन्य प्राणी एवं वनस्पति जगत की संकटापन्न जातियों से सम्बद्ध अभिसमय के पक्षकारों के सम्मेलन की तीसरी बैठक (जिसे आगे "बैठक" कहा जाएगा) में भाग लेने के लिए भारत सरकार के आमंत्रण को पक्षकारों के सम्मेलन द्वारा स्वीकार कर लिए जाने पर, भारत सरकार (जिसे आगे "सरकार" कहा जाएगा) और साइट्स सचिवालय इस प्रकार सहमत होते हैं :—

1. भाग लेना

(क) साइट्स पक्षकारों का प्रतिनिधित्व, समुचित रूप से प्राधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा किया जाएगा ;

(ख) संयुक्त राष्ट्र संघ, इसकी विशेषज्ञ एजेंसियों और अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी और किसी ऐसे राज्य, जो कि अभिसमय का पक्षकार नहीं है, का प्रतिनिधित्व प्रेक्षकों द्वारा किया जा सकता है, जिन्हें बैठक में भाग लेने का हक तो होगा, परन्तु वे मतदान नहीं कर सकेंगे ;

(ग) निम्नलिखित वर्गों के अवन्य जन्तु समूह व वनस्पति के बचाव, संरक्षण या प्रबंध में तकनीकी योग्यताप्राप्त निकायों या एजेंसियों, जिन्होंने सम्मेलन की बैठकों में प्रेक्षकों द्वारा अपने प्रतिनिधित्व की इच्छा के बारे में सचिवालय को सूचित किया है, को प्रवेश की अनुमति होगी, बशर्ते कि मौजूद पक्षकारों की कम से कम एक तिहाई संख्या इस पर आपत्ति नहीं उठाती;

(i) सरकारी या गैर-सरकारी अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियां या निकाय, और राष्ट्रीय सरकारी एजेंसियां और निकाय; तथा

(ii) राष्ट्रीय गैर-सरकारी एजेंसियां या निकाय, जिनका अनुमोदन उस राज्य द्वारा इस प्रयोजन के लिए किया गया है, जहां वे हैं। एक बार प्रवेश पा लेने वाले इन प्रेक्षकों को बैठक में भाग लेने का अधिकार होगा, परन्तु वे मतदान नहीं कर सकेंगे।

II. परिसर, उपस्कर, जनोपयोगी सेवाओं और लेखन सामग्री की सप्लाई

सरकार, दिल्ली में बैठक के आयोजन के लिए आवश्यक स्थान और अन्य सुविधाओं की, अपने खर्च पर व्यवस्था करेगी। बैठक के परिसर और सम्बद्ध सुविधाओं की सूची, "समझौता-ज्ञापन" में संलग्न अनुबंध-I में दी गई है। सरकार, प्रेस और अन्य सूचना माध्यमों के लिए स्थान और सभी आवश्यक उपस्कर की भी व्यवस्था करेगी।

2 यह परिसर पूरी बैठक के दौरान "साइटस" सचिवालय के सुपुर्द रहेगा और अगर बैठक से सम्बद्ध काम की तैयारी के लिए और उसे निपटाने के लिए इससे पहले और बाद में भी अगर साइट्स 'सचिवालय' को जरूरत होगी तो उतनी अवधि के लिए भी सरकार के परामर्श से वह इस परिसर को रख सकेगा।

3. सरकार, बैठक के प्रभावकारी सचालन के लिए, समझौता ज्ञापन के अनुबंध-I में सूचीबद्ध सभी उपर्युक्त कमरो और कार्यालयों के साज-सामान की व्यवस्था और रख-रखाव अपने खर्च पर करवाएगी

4 सरकार, बैठक के प्रभावकारी सचालन के लिए अपने खर्च पर मीम्योग्राफ, अन्य डुप्लिकेटिंग और फोटोकापीइंग मशीनो, अपेक्षित भाषाओ के की-बोर्डों सहित टाइपराइटरो, टेपरिकार्डरो और समझौता ज्ञापन के अनुबंध-I में सूचीबद्ध अन्य आवश्यक उपकरण की व्यवस्था और देख-रेख करेंगी।

5 सरकार, अपने खर्च पर बैठक के लिए स्टेपलरो, ऐशट्रेयो, कैंचियों, रद्दी की टोकरियों, पत्र खोलने वाले उपस्कर, डैस्क कलैंडरो, ब्लौटिंग, पैडो आदि जैसी आवश्यक और स्थायी कार्यालय सामग्री की भी व्यवस्था करेगी।

6 सरकार, बैठक के परिसर में बैंक, डाकघर, टेलीफोन, तारघर, यात्रा-सुविधाओ, प्राथमिक चिकित्सा-सुविधाओं, केफेटेरिया रेस्तरां और बहु-भाषी सूचना सेवाओ की भी व्यवस्था करेगी। बैठक में आमंत्रित और प्रविष्ट लोगों के बैठने की भी व्यवस्था की जाएगी।

7 सरकार, नई दिल्ली में बैठक के सचिवालय की टेलीफोन सचार व्यवस्था तथा उसके और मोट ब्लैंक स्थित साइट्स सचिवालय तथा न्यूयार्क स्थित सयुक्त राष्ट्र सघ के प्रधान कार्यालय के बीच टेलेक्स और टेलीफोन द्वारा सभी प्राधिकृत सरकारी सचार व्यवस्था सहित सभी आवश्यक उपयोगी सेवाओं के इस्तेमाल पर होने वाले खर्च को वहन करेगी।

8 साइट्स बैठक के कार्य के लिए सभी आवश्यक लेखन सामग्री और स्टेंसिलो तथा दस्तावेजो की प्रतिया तैयार करने के लिए आवश्यक कागज की व्यवस्था अपने खर्च पर करेगा। सरकार, मोट ब्लैंट या न्यूयार्क से नई दिल्ली और नई दिल्ली से मोट ब्लैंक या न्यूयार्क तक इस सामग्री के परिवहन और उसके जहाज से भेजे जाने सबधी बीमा प्रचार की अदायगी करेगी।

9 सरकार इस बात का सुनिश्चिय करेगी कि जब कभी भी जरूरत हो हस्पताल में उपचार और दाखले की तत्काल सुविधा मिले और आवश्यक परिवहन भी निरन्तर सुलभ हो जा बुलाने पर फौरन आ जाये।

III कर्मचारी

साइट्स सचिवालय को, समझौता-ज्ञापन के अनुबध-II में सूचीबद्ध अतर्राष्ट्रीय स्टाफ की नई दिल्ली में जरूरत होगी और सरकार यथा-वश्यकता उसकी व्यवस्था करेगी।

2 सरकार, एक सम्पर्क अधिकारी नियुक्त करेगी, जोकि "समझौता-ज्ञापन" के अनुसार प्रशासनिक तथा कार्मिक प्रबध करने के लिए, साइट्स के परामर्श से काम करेगा।

3 सरकार, साइट्स के परामर्श से अपने खर्च पर और अपने प्रशासनिक नियत्रणाधीन, समझौता ज्ञापन के अनुबध-II में सूचीबद्ध स्थानीयन कर्मचारियों की व्यवस्था करेगी जो कि निम्नलिखित कार्य करेंगे —

(क) बैठक के सबध में आवश्यक दस्तावेजो की प्रतिलिपि तैयार करना और बाटना,

(ख) मोट ब्लैंक में साइट्स स्टाफ के स्थान पर टाइपिस्टो, क्लर्कों, सदेश-वाहकों, सुरक्षा गार्डों, स्टोर कीपरो और सम्मेलन कक्ष कार्मिको के तौर पर काम करना, और

(ग) बैठक के सिलसिले में उपलब्ध किए गए उपकरण और परिसर की अभिरक्षात्मक और अनुरक्षात्मक सेवाओ के लिए ऐसा आवश्यक स्टाफ की व्यवस्था करना।

4 उपर्युक्त स्थानीय कर्मचारी, "यूनेप" के कार्यकारी निदेशक के सामान्य पर्यवेक्षण के अतर्गत कार्य करेंगे और उनकी सेवाएँ बैठक से पहले और बाद यथावश्यकता उपलब्ध रहेंगी।

IV. परिवहन तथा निर्वाह

1 बैठक के लिए यात्रा, जहा तक सम्भव हो, उनके सबधित ड्यूटी स्टेशनो से नई दिल्ली और नई दिल्ली से वापसी हवाई सैर के लिए जाने वाले किराए के आधार पर होगी। यदि अन्तर्राष्ट्रीय स्टाफ का कोई सदस्य किसी लम्बे मार्ग से अपने ड्यूटी स्टेशन पर जाना चाहे तो वह ऐसा कर सकता है। बशर्ते कि हवाई सैर के लिए जाने वाले ऐसे किराये सीधी वाणिज्यिक उड़ान की लागत से अधिक व्यय को वह स्वय वहन करे।

2 यू० एन० ई० पी० के कार्यकारी निदेशक या बैठक के कर्मचारी वर्ग के प्रयोग के लिए परिवहन की व्यवस्था सरकार अपने खर्च पर करेगी। सरकार "साइस" कर्मचारी वर्ग के दिल्ली पहुचने पर दिल्ली हवाई अड्डे से उन्हें उनके होटलो तक पहुचाने और वापसी के समय उन्हे उनके होटलो से हवाई अड्डे तक पहुचाने के लिए जो अतिरिक्त सुविधाएं चाहिए होगी, वह भी मुफ्त प्रदान करेगी। सरकार सम्मेलन के लिए उपस्करो तथा सामग्री के हवाई अड्डे (अथवा बन्दरगाह) से बैठक के स्थान तथा वापसी के लिए भी परिवहन की व्यवस्था करेगी।

3 बैठक के दौरान प्रतिनिधि मडलो को सचिवालय, प्रेस तथा इस बैठक में भाग लेने वाले दूसरे लोगों की सहायता के लिए और होटल आदि के आरक्षण के लिए भी सरकार सुविधाए उपलब्ध कराएगी। ये सभी सुविधाए बैठक में भाग लेने वालो के खर्च पर उपलब्ध करायी जाएंगी और इनका हिसाब बैठक में भाग लेने वालो द्वारा होटल प्राधिकारियों तथा अन्य सबधित से सीधे ही तय किया जाएगा। इस बारे में सरकार किसी प्रकार के उत्तरदायित्व अथवा देयता को स्वीकार नहीं करेगी।

4 निकटस्थ वन्य पशु बिहार की सगठित यात्रा के लिए यदि कोई खर्च होगा तो उसे आतिथ्य सरकार वहन करेगी।

V. विशेषाधिकार तथा उन्मुक्तियां

1 संयुक्त राष्ट्र तथा उसके विशिष्ट अभिकरणों के विशेषाधिकार तथा उन्मुक्तियो पर अभिसमय इस बैठक पर भी लागू होगा। तदनुसार राज्यो, संयुक्त राष्ट्र, उसके विशिष्ट अभिकरणो और अन्तर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रतिनिधि, इस बैठक के लिए काम करने वाले संयुक्त राष्ट्र के अधिकारी और उपर्युक्त पैरा 1 (ग) में उल्लिखित निकाय अथवा एजेंसियो उक्त विशेषाधिकारो और उन्मुक्तियो का लाभ उठाएगी।

2 बैठक में भाग लने वाले विशिष्ट अभिकरणो के प्रेक्षक, विशेषज्ञ एजेंसियो के विशेषाधिकार और उन्मुक्तियो पर अभिसमय के अनुच्छेद VII और VIII के अन्तर्गत उपलब्ध विशेषाधिकार, और उन्मुक्तिया इन्हें भी प्राप्त होगी। बैठक में अन्तर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रेक्षक, अन्तर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के विशेषाधिकारो और उन्मुक्तियो पर करार के अनुच्छेद VI और IX के अन्तर्गत उपलब्ध विशेषाधिकार तथा उन्मुक्तियां प्राप्त होंगी। बैठक में प्रेक्षकों के रूप में आमंत्रित किये गए अन्य अन्तर सरकारी तथा गैरसरकारी सगठनो के प्रेक्षक, संयुक्त राष्ट्र के विशेषाधिकार तथा उन्मुक्तियो पर अभिसमय के अनुच्छेद V के अन्तर्गत उपलब्ध विशेषाधिकार तथा उन्मुक्तियां इन्हे प्राप्त होगी।

3 संयुक्त राष्ट्र के विशेषाधिकारो तथा उन्मुक्तियो के अभिसमय पर बिना कोई प्रतिकूल प्रभाव डाले इस बैठक से सबधित काम करने वाले सभी व्यक्ति, अन्तर्राष्ट्रीय संगठनो के प्रतिनिधियों, विदेशी सूचना माध्यम के प्रतिनिधियो सहित "साइटस" सचिवालय द्वारा बैठक में आमंत्रित अन्य व्यक्तियो को जिन्हें ऐसा करने के लिए विधिवत् प्रत्याशित किया गया हो, बैठक के सिलसिले में बोले तथा लिखे गए शब्दो और अपनी आधिकारिक क्षमता में किये गये सभी कार्यों के लिए कानूनी प्रक्रिया से उन्मुक्ति मिलेगी।

4. सरकार इस बात का सुनिश्चय करेगी कि बैठक में भाग लेने के लिए हकदार ऐसे किसी व्यक्ति और समाचार अथवा रेडियोटेलीविजन, सिनेमा अथवा सरकार के परामर्श से "साइटस" सचिवालय द्वारा प्रत्यायित अन्य अभिकरणों के प्रतिनिधियों तथा "साइटस" सचिवालय द्वारा इस बैठक में भाग लेने के लिए अधिकारिक रूप से आमंत्रित अन्य व्यक्तियों के बैठक के स्थान के लिए और वहां लेजाने के लिए किसी प्रकार की रुकावट खड़ी नहीं की जाएगी।

5. इस खण्ड में उल्लिखित सभी व्यक्तियों को सरकार द्वारा स्थानीय रूप से भर्ती किये गए कर्मचारियों को छोड़कर, भारत में प्रवेश करने और यहां से बाहर जाने का अधिकार होगा। उनकी शीघ्र यात्रा के लिए पर्याप्त सुविधायें प्रदान की जाएंगी, जहां वीजा अपेक्षित होगा, वहां यथाशीघ्र मुफ्त वीजा दिया जाएगा और जिन मामलों में आवेदन पत्र बैठक शुरू होने से कम से कम ढाई सप्ताह पूर्व दिए जाएंगे, उनमें बैठक की तारीख से दो सप्ताह पूर्व तक वीजा उपलब्ध कर दिये जाएंगे। यदि वीजा के लिए आवेदन पत्र बैठक शुरू होने के ढाई सप्ताह पूर्व नहीं किया गया होगा तो वीजा आवेदन प्राप्त होने से तीन दिन के अन्दर-अन्दर वीजा दे दिया जाएगा। निष्क्रमण परमिट, जहां अपेक्षित होंगे, यथाशीघ्र मुफ्त प्रदान किये जाएंगे और किसी भी हालत में बैठक समाप्त होने से तीन दिन पूर्व के बाद नहीं।

6. इसके अतिरिक्त, इस बैठक में भाग लेने वाले और बैठक के सिलसिले में काम करने वाले सभी व्यक्तियों को ऐसी सुविधाओं तथा शिष्टाचारों का लाभ प्राप्त होगा जो बैठक के सिलसिले में उनके स्वतन्त्र रूप से काम करने के लिए आवश्यक होंगे।

7. बैठक के दौरान और बैठक के प्रारम्भिक तथा अन्तिम चरणों में भी अनुच्छेद II में उल्लिखित भवनों को तथा स्थानों को "साइटस" सचिवालय समझा जाएगा; ये परिसर और इनमें प्रवेश साइटस सचिवालय के प्राधिकार तथा नियंत्रण के अन्तर्गत होगा।

8. सरकार, बैठक के लिए आवश्यक सभी प्रकार के उपस्करों तथा सामान के आयात की अनुमति देगी जिसमें सम्मेलन की अधिकारिक आवश्यकताओं तथा मनोरंजन कार्यक्रम के लिए आवश्यक सामान भी शामिल है, और आयात शुल्क तथा देय अन्य शुल्क और करों की अदायगी छूट प्रदान करेगी। सरकार "साइटस" सचिवालय को आवश्यक आयात तथा निर्यात परमिट अविलंब जारी करेगी।

VI पुलिस सुरक्षा

सरकार अपने खर्च पर बैठक के शांतिपूर्ण तथा सुव्यवस्थित संचालन के सुनिश्चय के लिए यथा आवश्यक पुलिस सुरक्षा प्रदान करेगी। यद्यपि ये पुलिस सेवाएं सरकार द्वारा उपलब्ध किये गए माध्यम/वरिष्ठ रैंक के अधिकारी के सीधे नियंत्रण में होंगी परन्तु यह अधिकारी "साइटस" सचिवालय के उत्तरदायी अधिकारी के घनिष्ठ सहयोग से काम करेगा जिससे सुरक्षा और शांतिपूर्ण वातावरण का सुनिश्चय हो सके।

VII दायित्व

1. सरकार सीधे रूप से अथवा समुचित बीमे द्वारा "साइटस" सचिवालय अथवा उसके कार्मिकों के विरुद्ध निम्नलिखित के कारण होने वाली किसी कार्यवाई, दावों अथवा अन्य मांगों के प्रति उत्तरदायी होगी :

(क) उपर्युक्त अनुच्छेद II तथा संलग्न समझौता—ज्ञापन अनुबन्ध II में उल्लिखित क्षेत्र में किसी व्यक्ति अथवा सम्पत्ति को होने वाली हानि।

(ख) उपर्युक्त अनुच्छेद IV के पैराग्राफ 2 में उल्लिखित परिवहन सेवाओं द्वारा अथवा उनके प्रयोग से किसी व्यक्ति अथवा सम्पत्ति को होने वाली हानि।

(ग) उपर्युक्त अनुच्छेद III पैरा 2 और 3 तथा समझौता ज्ञापन के अनुलग्नक II में उल्लिखित कार्मिकों की बैठक के लिए नियोजन।

2. सरकार "साइटस" सचिवालय और इसके कार्मिकों को ऐसी कार्यवाईयों, दावों अथवा दूसरी मांगों के संबंध में जिम्मेवार नहीं ठहराएगी, सिवाए उस सूरत के जबकि इसके संविदाकारी पक्षों के बीच इस बारे में सहमति हो जाए कि नुकसान अथवा क्षति "साइटस" सचिवालय के कार्मिक की घोर लापरवाही अथवा जान बूझ कर किए गए अविचार के कारण हुई है और ऐसे मामलों में इस बात का निश्चय करने के लिए कदम उठाए जाएंगे कि इसका सिविल दायित्व किस पक्ष पर है।

अगर ऐसी कोई कार्यवाई, दावा अथवा दूसरे प्रकार की मांगें किन्हीं मजबूरी की परिस्थितियों में हुई हैं तो उनके दायित्वों से सरकार और "साइटस" सचिवालय मुक्त होंगे।

3. उपर्युक्त पैरा 1 और 2 में जो कुछ कहा गया है उसके बावजूद सरकार और "साइटस" सचिवालय ऐसी किन्हीं कार्यवाईयों, दावों अथवा अन्य मांगों के कारण बाद में, दूरस्थ अप्रत्यक्ष क्षतियों के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।

सी० आर० गारेखा, संयुक्त सचिव (यू०एन०)
विदेश मंत्रालय

अधिसूचना का परिशिष्ट
संयुक्त राज्य का आंतरिक प्रभाग
वाशिंगटन डी० सी०, 5 जनवरी, 1981

उत्तर देते समय एफ० डब्ल्यू० एस०/
डब्ल्यू० पी० ओ० का उल्लेख करें।

श्री समर सिंह,
संयुक्त सचिव (एफ० एन्ड डब्ल्यू० एल०),
भारत सरकार
कृषि एवं सिंचाई मंत्रालय,
(कृषि विभाग)
नई दिल्ली, भारत 110001

विषय :—भारत सरकार और वन्य प्राणी एवं वनस्पति, जगत की संकटापन्न जातियों के अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार से सम्बद्ध अभिसमय (साइट्स) के पक्षकारों के सम्मेलन की तीसरी बैठक (भारत) नई दिल्ली में 25 फरवरी से 8 मार्च, 1981 तक के बारे में समझौता ज्ञापन।

महामान्य,

हमारे अभिसमय के महासचिव को कृषि एवं सिंचाई मंत्रालय के निदेशक श्री सी० एस० रंगाचारी के 28 जनवरी, 1980 के पत्र संख्या 18018/1/79 फेज का उल्लेख करते हुए जिसमें भारत सरकार द्वारा उपर्युक्त बैठक अपने यहां करने का सिद्धान्ततः अनुमोदन दिया गया है।

मैं इस निमंत्रण के लिए आपकी सरकार को धन्यवाद करता हूँ और पक्षकारों के सम्मेलन की ओर से इसे सहर्ष स्वीकार करता हूं।

I. बैठक का स्वरूप और विषय विस्तार

यह बैठक 3 मार्च, 1973 को वाशिंगटन डी० सी० में स्वीकृत वन्य प्राणी एवं वनस्पति जगत की संकटापन्न जातियों के अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार से सम्बद्ध अभिसमय के बारे में अभिसमय के अनुच्छेद-XI के अनुसरण में (साइट्स) के पक्षकारों के सम्मेलन की नियमित बैठक के रूप में आयोजित की जाती है।

जैसा कि इसके साथ संलग्न अनंतिम कार्यसूची (डाक 3.1) में बताया गया है इस बैठक का उद्देश्य इस अभिसमय के कार्यान्वयन की समीक्षा करना और भविष्य में इसकी प्रभावोत्पादकता को बढ़ाने के लिए अपेक्षित कार्यवाही करना है।

II. सहभागी

(क) प्रक्रिया विनियमों के संलग्न प्रारूप (डाक 3.2) के अनुसार "साइटस" पक्षकारों का प्रतिनिधित्व यथोचित रूप से प्राधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा किया जायेगा,

(ख) संयुक्त राष्ट्र, इसकी विशेषीकृत एजेंसियां और अन्तर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी, और ऐसा कोई भी राज्य जो इस अभिसमय का पक्षकार नहीं है, अपना प्रतिनिधित्व पर्यवेक्षकों द्वारा कर सकता है।

(ग) अनुच्छेद XI के पैरा 7 में विनिर्दिष्ट वर्गों के वन्य प्राणी एवं वनस्पति के संरक्षण, रक्षण और व्यवस्था में तकनीकी रूप से अर्हता प्राप्त निकाय और एजेंसियां भी अपना प्रतिनिधित्व पर्यवेक्षकों द्वारा कर सकती हैं।

आशा की जाती है कि इसमें विदेशी भागीदारों की कुल संख्या 250 होगी जिसमें प्रतिनिधि, पर्यवेक्षक और सम्मेलन सचिवालय के सदस्य भी शामिल होंगे।

III. बैठक में स्थान और तारीख

यह बैठक 25 फरवरी से 8 मार्च 1981 तक नई दिल्ली (भारत) स्थित विज्ञान भवन सम्मेलन केन्द्र में होगी।

IV. बैठक का आयोजन

इस बैठक के व्यवहारिक और तकनीकी आयोजन की जिम्मेदारी अपेक्षाओं के संलग्न विवरण के आधार पर, सक्षम मेजबान प्राधिकारियों और अभिसमय सचिवालय की होगा, लेकिन इस बैठक के सुचारु आयोजन का सुनिश्चय करने के लिए अगर इस समझौता ज्ञापन के पक्षकारों की परस्पर सहमति से कोई समंजन करने पड़ें तो इस समझौता ज्ञापन के प्रावधान उसमें व्यवधान नहीं बनेंगे।

V. विशेषाधिकार और उन्मुक्तियां

भारत सरकार इस बात का सुनिश्चय करेगी की इस बैठक में हिस्सा लेने के हकदार किसी भी व्यक्ति को इस क्षेत्र में प्रवेश करने, यहां ठहरने और यहां से जाने के अधिकार पर कोई प्रतिबंध न लगाया जाये।

इस बात का भी सुनिश्चय किया जायेगा कि इस बैठक के लिए आवश्यक दस्तावेजों और उपस्करों को बिना किसी प्रतिबंध और आयात/निर्यात शुल्क के भारत में लाने और ले जाने की अनुमति होगी बशर्ते कि लागू सामान्य कानूनी प्रावधानों और नियमों का पालन किया जाये।

इस बैठक से सम्बद्ध सभी मामलों में भारत की सरकार इस बैठक में भाग लेने वाले सरकारी प्रतिनिधियों, और अन्तर्राष्ट्रीय सचिवालय स्टाफ पर संयुक्त राष्ट्र और इसकी विशिष्ट एजेंसियों के विशेषाधिकार और उन्मुक्तियों के बारे में अभिसमय के सम्बद्ध प्रावधानों को, यथावश्यक परिवर्तन सहित लागू करेगी।

VI. क्षतिपूर्ति के लिए दायित्व

जब तक इस बैठक के लिए आरक्षित परिसर इस अभिसमय सचिवालय के अधिकार में होगा तब तक भारत सरकार इस परिसर की सुविधाओं, इस बैठक के लिए उपलब्ध फर्नीचर और उपस्करों को टूट-फूट का दायित्व वहन करेगी और उसमें उपस्थित व्यक्तियों के साथ अगर कोई दुर्घटना हो जाए तो उनका दायित्व भी वहन करेगी। भारत सरकार उपर्युक्त परिसर, सुविधाओं, फर्नीचर, उपस्करों और व्यक्तियों के संरक्षण का सुनिश्चय करने के लिए, विशेषतया आग और अन्य जोखिमों से बचाने के लिए, वे सभी उपाय करेगी जिसे वह आवश्यक समझती हो। भारत सरकार इस अभिसमय सचिवालय के स्टाफ के सदस्यों अथवा एजेंटों द्वारा व्यक्तियों अथवा सम्पत्ति को पहुंचाए गए नुकसान के लिए क्षतिपूर्ति का दावा कर सकती है।

यदि अब महामान्य को उपर्युक्त प्रावधान स्वीकार्य हैं, और मैं आशा करता हूं कि आप इन्हें स्वीकार करेंगे। मैं आपका आभारी होउंगा। यदि आप इस पत्र की दोनों प्रतियों पर हस्ताक्षर करके एक प्रति मुझे लौटा दें।

इस समझौते पर दोनों पक्षों द्वारा हस्ताक्षर हो जाने के बाद यह पत्र भारत सरकार और "साइटस" के पक्षकारों के सम्मलन के बीच इस बैठक का समझौता ज्ञापन बन जायेगा।

महामान्य, मेरी परम आदर भावना का आश्वासन स्वीकार करें।

भारत सरकार की ओर से	साइटस पक्षकार सम्मेलन की ओर से
दिनांक 15-1-81	05.1.1981
हस्ताक्षर और पदनाम	हस्ताक्षर और पदनाम
हस्ताक्षर—एम० के० दल्वी	हस्ताक्षर—
वन महा निरीक्षक	रिचर्ड एम० पार्सन्स
भारत सरकार	स्थायी समिति के अध्यक्ष
कृषि मंत्रालय	
कृषि एवं सहकारिता विभाग	
कृषि भवन, नई दिल्ली	

संलग्नक, अपेक्षा विवरण

अनुबन्ध-I

वन्य प्राणी एवं वनस्पति जगत की संकटापन्न जातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से सम्बद्ध अभिसमय।

सम्बद्ध पक्षकारों के सम्मेलन की तीसरी बैठक

नई दिल्ली (भारत), 25 फरवरी से 8 मार्च 1981

अपेक्षाओं का विवरण

(जब तक आगे अन्यथा उल्लिखित न हो, ये सुविधायें आतिथ्य देश द्वारा उपलब्ध कराई जाएंगी)

स्थान और उपस्कर:

एक मुख्य सभाकक्ष: कुल 250 व्यक्तियों के लिये, जिसमें काम के लायक मेजें, अंग्रेजी, फ्रेंच और स्पेनिश में साथ-साथ अनुवाद के लिये हैडफोन और माइक्रोफोन (बूथ सभाकक्ष के पीछे अथवा विकल्प स्वरूप पाद-पीठ के पीछे होने चाहिए) लगे हों।

दो छोटे सभा-कक्ष: क्रमशः लगभग 80 और 30 व्यक्तियों के लिये।

टेलीफोन की सुविधा से युक्त दस सचिवालय कक्ष: स्थायी समिति, ड्राफ्टिंग समितियों, महासचिव, अभिसमय सचिव, अनुवादकों, दुभाषियों, विश्राम कक्ष और अंग्रेजी, फ्रेंच और स्पेनिश टाइपिंग पूल के लिये जिसमें निम्नलिखित उपकरण सुलभ हों:—

10 इलेक्ट्रिक टाइपराइटर (एक ही तरह के टाइप और गोल्फ बाल वाले)

1–2 हस्तचालित टाइपराइटर

2 आई० बी० एम० स्वचालित टाइपराइटर (आई० बी० एम०—एम०सी०—82)

टाइप कक्षों के लिये 10 मेज और कुर्सियां।

एक बड़ा कमरा प्रतियां आदि तैयार करने वाली मशीनों के लिये और कागजात प्राप्त करने के लिये जिसमें निम्नलिखित उपकरण उपलब्ध हों:

1 फोटो कापियर (आई० बी० एम०—2 अथवा समकक्ष प्रकार का)

1 डुप्लीकेटर या आफसेट लिथोग्राफिक उपस्कर

1 इलेक्ट्रानिक स्टेंसिल मशीन

1 इलेक्ट्रोनिक कोलेटर (एक बार में 6 शीट के लिये)।

1 इलेक्ट्रिक स्टेप्लर (एक बार में 30 पृष्ठों के लिये) कई विस्तार तारें।

स्वागत योग्य एक स्थान 200-300 व्यक्तियों के लिये—जिसमें खाने वाले रैकों की व्यवस्था हो (संभव हो तो, खाने लम्बे आयताकार हों) और जिसमें बड़ी मेज या स्वागत डैस्क हो और उसमें दराजें भी हों।

2, ऐसे नोटिस बोर्ड जिन्हें एक जगह से दूसरी जगह ले जाया जा सकता है।

इनके अतिरिक्त निम्नलिखित सुविधायें भी उपलब्ध की जा सकें तो अच्छा होगा.

एक प्रेस कक्ष जिसमें टेलीविजन और रेडियो साक्षात्कार की सुविधा सहित सामान्य प्रेस सुविधायें और कुछ मेजें, कुर्सियां और टेलीफोन हों।

एक कक्ष जिसमें फिल्में और स्लाइडें दिखाने की सुविधा हो

एक सिनेमा प्रोजेक्टर (16 मि० मी०) जिसके साथ 35 मि०मी० की रंगीन स्लाइडों के लिये, ध्वनि प्रोजेक्टर भी हो।

एक लांज जिसमें प्रकाशनों की प्रदर्शनी के लिये कमरा हो और जिसमें प्रदर्शनी के योग्य बुक स्टैंड हो।

लेखन सामग्री: (जिसकी मात्रा पारस्परिक सहमति से निश्चित की जाएगी)।

बांड पेपर (सादा सफेद कागज ए4, 80 ग्रा०)

लिखने के लिये ब्लाक

खानों के लिये लेबल, स्वत: चिपकने वाले (तीन रंग के)

पेंसिलें

पैड

मैनुअल स्टेप्लर

पंच (ए4 कागज के लिये, 2 छेद वाला)

पेपर क्लिप

कार्बन पेपर

बड़े लिफाफे (ए4 आकार के)

इलास्टिक बैंड

रबड़ मिटाने वाला (साधारण और टाइपराइटर)

टाइप करने वालों के लिये तरल टिपेक्स कोरेक्टर पेस्ट

प्लास्टिक के पारदर्शी फोल्डर (छेद वाले और बिना छेद वाले)

गोंद

हिंज बैंक बाइंडर (2 छेद वाले ए4)

रिंग बाइंडर (2 छेद वाले ए4)

अनुवादकों के लिये उपयुक्त शब्द कोश (इंगलिश/फ्रैंच और फ्रैंच/इंग्लिश, स्पेनिश) अनुबन्ध-II

सचिवालय:

लिपिकीय स्टाफ (2 टाइपिस्ट इंगलिश, फ्रैंच और स्पेनिश)

तकनीशियन (साथ-साथ अनुवाद और हो सके तो फिल्म उपस्कर)

डुप्लीकेटर और फोटो कापियर के लिये मशीन चालक*

अतिरिक्त सहायक स्टाफ (प्रवेशक, संदेशवाहक, प्रलेख प्राप्त करने और वितरण करने के लिये स्टाफ)

दुभाषिए और अनुवादक:

अभिसमय सचिवालय को इंगलिश, फ्रैंच और स्पेनिश के लिये दुभाषियों और सम्मेलन में तैयार किये गये प्रलेखों, जैसे मसौदा संकल्प के इंगलिश, फ्रैंच और स्पेनिश अनुवादकों के लिये अनुवादकों की व्यवस्था करनी होगी (प्रत्येक भाषा के लिये एक-एक)

स्वागती:

हवाई अड्डे पर स्वागत कर्मचारी जो इसमें भाग लेने के लिये सामान के साथ आने वाले व्यक्तियों की सहायता करें और होटलों तक पहुंचायें (अंग्रेजी और फ्रैंच भाषी), सम्मेलन केन्द्र पर स्थानीय सूचना, अमला, होटल रजिस्ट्रेशन और यात्रा प्रबन्ध के लिए (इंगलिश और फ्रैंच भाषी)

सम्मेलन केन्द्र पर सेवाएं:

सम्मेलन स्थल पर जाने और वहां से लाने के लिये परिवहन की सुविधा (नि:शुल्क) मुद्रा विनिमय, डाक, टेलीफोन, काफी बार/कैफीटेरिया और प्राथमिक चिकित्सा/दवा की सुविधा (भाग लेने वालों के खर्च पर)

आतिथ्य और भ्रमण

इसकी व्यवस्था आतिथेय सरकार द्वारा की जायेगी और इसमें निकटतम वन्य पशु विहार की व्यवस्थित यात्रा भी शामिल है।

*इनमें से कुछ को रात की पारी में भी आना पड़ सकता है।

उद्योग मंत्रालय

(औद्योगिक विकास विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 13 फरवरी 1981

संकल्प

सं० ई- 11015(3)/80-हिं० अ०—उद्योग मंत्रालय के दिनांक 3 मार्च, 1979 के समसंख्यक संकल्प का अधिक्रमण करते हुए भारत सरकार ने उद्योग मंत्रालय के लिये हिन्दी सलाहकार समिति का पुनर्गठन करने का निश्चय किया है। इस समिति का गठन कार्य आदि निम्नलिखित होंगे:—

1. उद्योग राज्य मंत्री	अध्यक्ष
2. उद्योग उपमंत्री	उपाध्यक्ष
3. लोक सभा सदस्य (नामित किये जाने हैं)	सदस्य
4. लोक सभा सदस्य (नामित किये जाने हैं)	सदस्य
5. राज्य सभा सदस्य (नामित किये जाने हैं)	सदस्य
6. राज्य सभा सदस्य (नामित किये जाने हैं)	सदस्य
7. श्री ओम मेहता संसद सदस्य, राज्य सभा	सदस्य
8. श्री वी० वेन्का संसद सदस्य, राज्य सभा	सदस्य
9. सचिव (औद्योगिक विकास विभाग)	सदस्य
10. सचिव (भारी उद्योग विभाग)	सदस्य
11. सचिव, तकनीकी विकास एवं तकनीकी विकास के महानिदेशक	सदस्य
12. सचिव, राजभाषा विभाग	सदस्य
13. अपर सचिव (औद्योगिक विकास विभाग)	सदस्य
14. अपर सचिव (भारी उद्योग विभाग)	सदस्य
15. वित्तीय सलाहकार (औद्योगिक विकास विभाग)	सदस्य
16. संयुक्त सचिव (प्रभारी हिन्दी) (भारी उद्योग विभाग)	सदस्य
17. संयुक्त सचिव (प्रशासन) (औद्योगिक विकास विभाग)	सदस्य
18. संयुक्त सचिव (प्रशासन) (भारी उद्योग विभाग)	सदस्य
19. संयुक्त सचिव, औद्योगिक स्वीकृति सचिवालय (औद्योगिक विकास विभाग)	सदस्य
20. संयुक्त सचिव (राजभाषा विभाग)	सदस्य
21. विकास आयुक्त (लघु उद्योग)	सदस्य
22. आर्थिक सलाहकार	सदस्य
23. अध्यक्ष, औद्योगिक लागत एवं मूल्य ब्यूरो	सदस्य
24. सीमेंट नियंत्रक, सीमेंट नियंत्रक का कार्यालय, नई दिल्ली	सदस्य
25. श्री कृष्ण चन्द्र विद्यालंकार, सम्पादक विल, नई दिल्ली।	सदस्य

26. श्री हरिबाबू कंसल — सदस्य
मंत्री, नागरी लिपि परिषद्,
गांधी स्मारक निधि, राजघाट,
नई दिल्ली।

27. महामंत्री, — सदस्य
दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा,
मद्रास।

28. महामंत्री, — सदस्य
नागरी प्रचारिणी सभा,
वाराणसी।

29. हिन्दी कार्य के प्रभारी,
संयुक्त सचिव (औद्योगिक विकास विभाग) — सदस्य सचिव

2. कार्य:

इस समिति के कार्य उद्योग मंत्रालय तथा उसके सम्बद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालयों को सरकारी काम-काज में हिन्दी के प्रभावी प्रयोग से संबंधित विषयों तथा गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित नीति संबंधी ढांचे के अंतर्गत आने वाले मामलों पर सलाह देना होगा।

3. कार्यकाल:

समिति का कार्यकाल उसके गठन की तारीख से तीन वर्षों का होगा बशर्ते कि:—

(क) कोई भी सदस्य, जो संसद सदस्य है, संसद का सदस्य न रहते ही वह इस समिति का सदस्य भी नहीं रहेगा।

(ख) समिति के पदेन-सदस्य उस समय तक सदस्य बने रहेंगे जब तक कि वे अपने उन पदों पर हैं जिसके कारण वे समिति के सदस्य हैं।

(ग) यदि किसी सदस्य के त्यागपत्र देने, मृत्यु आदि के कारण समिति में कोई स्थान रिक्त होता है तो उसके स्थान पर नियुक्त किया गया सदस्य शेष तीन वर्षों की अवधि के लिये सदस्य रहेगा।

4. सामान्य:

(1) समिति आवश्यक समझे जाने पर अतिरिक्त सदस्यों को सहयोजित कर सकती है और अपनी बैठकों में भाग लेने के लिये विशेषज्ञों को आमंत्रित कर सकती है अथवा उप-समितियां नियुक्त कर सकती है।

(2) समिति का प्रधान कार्यालय नई दिल्ली में होगा, किन्तु समिति अपनी बैठकें किसी अन्य स्थान में भी कर सकती है।

5. यात्रा भत्ता तथा अन्य भत्ते

गैर सरकारी सदस्यों को समिति तथा उप समितियों की बैठकों में समय समय पर भाग लेने के लिये सरकार द्वारा निश्चित दरों पर यात्रा भत्ता तथा दैनिक भत्ता दिया जाएगा।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति सभी राज्य सरकारों संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों, प्रधानमंत्री सचिवालय, मंत्रिमंडल सचिवालय, संसदीय कार्य विभाग, लोक सभा सचिवालय, राज्य सभा सचिवालय, योजना आयोग, राष्ट्रपति सचिवालय, भारत के नियंत्रक तथा महालेखा परीक्षक, महालेखाकार, वाणिज्य निर्माण तथा विविध और भारत के सभी मंत्रालय था विभागों को भेजी जाएं।

यह भी आदेश दिया गया कि इस संकल्प को जन साधारण की जानकारी के लिये भारत के राजपत्र में प्रकाशित कराया जाए।

का० सं० ई—11015/1/75 हि० अ०

मनीश बहल, संयुक्त सचिव

कृषि मंत्रालय

(कृषि और सहकारिता विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 17 जनवरी, 1981

संकल्प

सं० पी० 17011/1/74-एल० एण्ड एम०—भारत सरकार के कृषि मंत्रालय के भूतपूर्व सहकारिता विभाग के 2 जनवरी, 1974 के संकल्प सं० पी० 17011/1/74-टी० एंड एम० के अधिक्रमण में भारत सरकार, कृषि मंत्रालय (कृषि और सहकारिता विभाग) इसके द्वारा राष्ट्रीय स्तर के सहकारी संघों में उच्च प्रबंधकीय पदों के लिये नामिका प्राधिकरण का पुनर्गठन करती है, जिसमें निम्नलिखित सदस्य होंगे:—

(1) केन्द्रीय कृषि मंत्री	अध्यक्ष
(2) अध्यक्ष, भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ	उपाध्यक्ष
(3) तथा (4) राष्ट्रीय स्तर के दो सहकारी परिसंघों के अध्यक्ष	सदस्य
(5) सचिव, कृषि मंत्रालय (कृषि तथा सहकारिता विभाग)	सदस्य
(6) अपर सचिव (सी० सी० टी०) कृषि मंत्रालय (कृषि और सहकारिता विभाग)	सदस्य
(7) प्रबंध निदेशक, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम	सदस्य
(8) एक प्रबंध विशेषज्ञ	सदस्य
(9) सहकारी समितियों के केन्द्रीय पंजीयक	सदस्य संयोजक

2. राष्ट्रीय स्तर के दो सहकारी परिसंघों के अध्यक्ष तथा प्रबन्ध विशेषज्ञ 2 वर्ष की अवधि के लिये नामिका प्राधिकरण के सदस्य होंगे।

3. नामिका प्राधिकरण के निम्नलिखित कार्य होंगे:—

(1) राष्ट्रीय सहकारी परिसंघों के उन उच्च प्रबंधकीय पदों, जिन्हें नामिका प्राधिकरण के क्षेत्र में लाने की जरूरत है, की सूचियां तैयार करना और उनका उपयुक्त रूप से श्रेणीकरण करना।

(2) नामों की नामिकायें तैयार करना, जिनमें से राष्ट्रीय स्तर के सहकारी परिसंघ पूर्वोक्त सूची में शामिल किये गये पदों पर नियुक्ति के लिये व्यक्तियों का चयन कर सकते हैं।

(3) राष्ट्रीय स्तर के सहकारी परिसंघों को उच्च प्रबंधकीय कार्मिकों के चयन तथा नियुक्ति की शर्तों के मामले में सलाह देगा।

4. नामिका प्राधिकरण समय समय पर नामिका में संशोधन कर सकता है।

5. नामिका प्राधिकरण विभिन्न नामिकाओं में शामिल करने के लिये कार्मिकों के चयन और राष्ट्रीय स्तर के सहकारी परिसंघों को नाम सूचित करने के लिये अपनी पद्धति तैयार करेगा। नामिका प्राधिकरण किसी विशिष्ठ पद अथवा पदों के वर्गों के लिये उम्मीदवारों के चयन हेतु एक अन्य सदस्य सहयोजित कर सकता है।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि यह संकल्प सामान्य सूचना के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रतियां निम्नलिखित को भेजी जाएं:—

(1) राष्ट्रीय स्तर के सभी सहकारी परिसंघ

(2) धार्मिक प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा सभी सदस्य

(3) सभी राज्य सरकारों /संघ राज्य क्षेत्रों के सहकारिता के प्रभारी सचिव

(4) सभी राज्य सरकारों /संघ राज्य क्षेत्रों की सहकारी समितियों के पंजीयक।

(5) प्रबंध निदेशक, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम, 4 सिरी, इन्स्टीट्यूशनल एरिया, ग्रीन पार्क, नई दिल्ली।

(6) सचिव, राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद्, 3 इन्स्टीट्यूशनल एरिया, ग्रीन पार्क, नई दिल्ली।

(7) निदेशक, बैकुंठ मेहता राष्ट्रीय सहकारी प्रबन्ध संस्थान, गणेश खिंद रोड, पूना 16।

(8) सचिव, नागरिक आपूर्ति मंत्रालय।

बी० के० सिन्हा, मुख्य निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 8 जनवरी 1981

सं० 22-1777/एल० डी०-I—भारतीय डेरी निगम की संगम की नियमावली के नियम 15(2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति इस विभाग के संयुक्त सचिव (वित्त) श्री एम० वाई० प्रियोलकर को तत्काल से कृषि और सहकारिता विभाग के तत्कालीन वित्तीय सलाहकार श्री यू० वैद्यनाथन के स्थान पर भारतीय डेरी निगम के निदेशकों के मंडल में निदेशक के तौर पर नामजद करते हैं।

के० उथियालियाप्पन, निदेशक (डेरी विकास)

शिक्षा और संस्कृति मंत्रालय

(शिक्षा विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक

सं० एफ० 1-6/78-डेस्क-I (खेल)—इस मंत्रालय के संकल्प संख्या एफ० 1-6/78-खेल, दिनांक 9 जून, 1978 के अनुसरण में और इस मंत्रालय की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 26 नवम्बर, 1980 के क्रम में एतद्द्वारा डा० एम० सत्यनारायण को तत्काल से 20 जुलाई, 1981 तक के लिये अखिल भारतीय खेल परिषद् में मौजूदा रिक्ति पर अखिल भारतीय खेल परिषद् के सदस्य के रूप में नियुक्त किया जाता है।

शंकर लाल, उप सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 9 फरवरी, 1981

संकल्प

सं० एफ० 15-13/80-डी०-III(एल०)—भारत के राजपत्र के भाग I खंड 1 में प्रकाशित भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय के संकल्प संख्या एफ० 15-43/77-डी०-III (एल०) दिनांक 10 नवम्बर, 1978 में:—

1 गठन: पृष्ठ 2 पैरा 4 पर

(vii) प्रविष्टि 'अध्यक्ष' के सामने राज्य मंत्री के स्थान पर "केन्द्रीय शिक्षा मंत्री" पढ़ें

(viii) प्रविष्टि 'सलाहकार' के सामने 'अध्यक्ष' पढ़ें।

(xiii) प्रविष्टि 'संयुक्त शिक्षा सलाहकार' (भाषाएं)' के सामने 'अपर सचिव, शिक्षा तथा संस्कृति मंत्रालय' पढ़ें।

(xiv) प्रविष्टि निदेशक/उप सचिव/उप शिक्षा सलाहकार (भाषा) के सामने 'निदेशक, उर्दू तरक्की ब्यूरो पढ़ें।

निम्नलिखित जोड़ा जाता है:—

(xv) निदेशक, केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय

2. पृष्ठ 2 पर पैरा 4, उप पैरा 23 को इस प्रकार पढ़ा जाएगा: "अध्यक्ष, वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, निदेशक, केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय, निदेशक, राष्ट्रीय शैक्षिक, अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषद्, अध्यक्ष, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का नामजद व्यक्ति, निदेशक, केन्द्रीय भारतीय भाषा संस्थान, तथा महानिदेशक, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद् का नामजद व्यक्ति बोर्ड के पदेन सदस्य होंगे।"

3. पृष्ठ 3 पर पैरा 4, उप-पैरा 5 इस प्रकार पढ़ा जायेगा: "उर्दू तरक्की ब्यूरो के निदेशक बोर्ड के पदेन सदस्य-सचिव होंगे।"

4 पृष्ठ 3 पर पैरा 8 पंक्ति 2-3 पर प्रविष्टि "बोर्ड के अध्यक्ष" के स्थान पर "शिक्षा तथा संस्कृति राज्य मंत्री" पढ़ा जाए।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि संकल्प की प्रतिलिपियां तरक्की उर्दू बोर्ड के सभी सदस्यों, सलाहकार, वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, अध्यक्ष विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, महानिदेशक, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद, निदेशक, केन्द्रीय भारतीय भाषा संस्थान, निदेशक, राष्ट्रीय शैक्षिक, अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषद, सभी कुलपतियों, अध्यक्ष, वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली स्थायी आयोग, प्रधान मंत्री सचिवालय, संसदीय कार्य विभाग, लोक सभा सचिवालय, राज्य सभा सचिवालय, योजना आयोग, राष्ट्रपति सचिवालय तथा भारत सरकार के मंत्रालयों और विभागों को भेज दी जाएं।

यह भी आदेश दिया जाता है कि यह संकल्प भारत के राजपत्र में सूचनार्थ प्रकाशित कर दिया जाए।

के० के० खुल्लर, उप सचिव

नौवहन तथा परिवहन मंत्रालय

(अन्तर्देशीय जल परिवहन निदेशालय)

नई दिल्ली-110001, दिनांक 17 फरवरी, 1981

संकल्प

विषय:—जहाजों पर काम करने वाले केन्द्रीय अन्तर्देशीय जल परिवहन निगम के कर्मचारियों के कार्य घंटों की जांच करने के लिये एक समिति बनाना।

सं० 9-आई० डब्ल्यू० टी० (18)/80-सी० एण्ड ई०—इस मंत्रालय के दिनांक 12-12-80 के संकल्प सं० 9-आई० डब्ल्यू० टी० (18)/80 सी० एण्ड ई० के पहले पैरा के मद (ख) के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टि की जाए

कप्तान एम० एस० कोरेरा
प्रबन्धक,
बेड़ा कार्मिक विभाग
भारतीय नौवहन निगम
बम्बई। सदस्य

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति सभी संबंधितों को भेज दी जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि संकल्प को सर्वसाधारण की जानकारी के लिये भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

यशवन्त सिन्हा, संयुक्त सचिव

ऊर्जा मंत्रालय

कोयला विभाग

नई दिल्ली, दिनांक 30 दिसम्बर, 1980

संकल्प

सं० 55027/(7)/80—सी० आर० सी०—इस विभाग के संकल्प सं० 55027/(1)/77—सी० पी० सी० दिनांक 21 फरवरी, 1977 का जिसके द्वारा कोयला विभाग के संयुक्त सचिव की अध्यक्षता में एक स्थायी समिति "खनन इंजीनियरी शिक्षा और प्रशिक्षण पर संयुक्त बोर्ड" बनाई गई थी, आंशिक संशोधन करते हुए प्रस्ताव है कि उपर्युक्त स्थाई समिति का अध्यक्ष इस प्रकार हो —

'ऊर्जा मंत्रालय के कोयला विभाग में संयुक्त सचिव अथवा संयुक्त सचिव के बराबर अथवा उससे ऊंचे ओहदे का कोई अन्य अधिकारी"

आदेश:

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक प्रति भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों सहित सभी सम्बद्ध लोगों, मंत्रिमंडल सचिवालय आदि, तथा भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक को भेजी जाए।

यह आदेश भी दिया जाता है कि इस संकल्प को सर्वसाधारण की सूचना के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

श्रीमती कृष्णलेखा सूद,
निदेशक

रेल मंत्रालय

(रेलवे बोर्ड)

नई दिल्ली, दिनांक 11 फरवरी 1981

संकल्प

सं० हिन्दी/समिति/80/38/1—रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) के दिनांक 24-12-80 के संकल्प सं० हिन्दी/समिति/80/38/1 के क्रम में कार्मिक सदस्य, रेलवे बोर्ड को यातायात सदस्य, रेलवे बोर्ड के स्थान पर रेल मंत्रालय के अधीन गठित रेलवे हिन्दी सलाहकार समिति का सदस्य नामित किया जाता है।

आदेश

यह आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक-एक प्रति प्रधान मंत्री कार्यालय, मंत्रिमंडल सचिवालय, संसदीय कार्य विभाग, लोक सभा तथा राज्य सभा सचिवालय और भारत सरकार के सभी मंत्रालयों तथा विभागों को भेज दी जाएं।

यह भी आदेश दिया जाता है कि सर्वसाधारण की सूचना के लिये यह संकल्प भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाय।

हिम्मत सिंह, सचिव
रेलवे बोर्ड एवं भारत सरकार के पदेन
संयुक्त सचिव

PRESIDENT'S SECRETARIAT

New Delhi, the 21st February 1981

No 10/Pres /81—The President is peased to award the President's Police Medal for gallantry to the undermentioned officer of the Karnataka Police

Name and rank of the officer

Shri H M Sunil Kumar, (*Deceased*)
Sub Inspector of Police,
Munireddipalya Police Station,
Bangalore City,
Karnataka

Statement of services for which the decoration has been awarded

On the night of the 8th April, 1980, Shri H. M. Sunil Kumar who was proceeding towards Munireddipalya Police Station in a Police Van was stopped in front of the Canton ment Railway Station by some porters who sought his help in tackling a stranger who had stabbed two of the Railway porters and was also threatening others Shri Sunil Kumar, followed by the Police Constables who were accompanying him in the Police Van, went to the spot and caught hold of the stranger who was wielding a knife But before Shri Sunil Kumar could disarm the assailant, he stabbed Shri Sunil Kumar in the lower abdomen The Police constables and others pelted stones on the assailant and overpowered him Shri Sunil Kumar holding his abdomn walked towards the Van and asked to be taken to the Hospital But within minutes he succumbed to his deep stab injury

In this action Shri H M Sunil Kumar exhibited conspicuous gallantry and devotion to duty of a very high order

2 This award is made for gallantry under rule 4(i) of the rules governing the award of the President's Police Medal and consequently carries with it the special allowance admissible under rule 5 with effect from the 8th April, 1980

No 11-Pres /81—The President is pleased to award the Police Medal for gallantry to the undermentioned officer of the Karnataka Police :

Name and rank of the officer

Shri S D Patil,
Sub-Inspector of Police,
Kolar Town Police Station,
Karnataka.

Statement of services for which the decoration has been awarded

